फाइलेरिया मुक्ति अभियान

सुरक्षित दवा, भरोसा स्वास्थ्य का

# सहायक की मार्गदर्शिका

## औषधि प्रशासकों और पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण:

## सामाजिक गतिशीलता और प्रभावी संचार (ठोस इनकार)



राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण केंद्र (एनसीवीबीडीसी)

22, शाम नाथ मार्ग, दिल्ली - 110054

## सहायक की मार्गदर्शिका का सारांश

यह सहायक की मार्गदर्शिका सामाजिक गतिशीलता और प्रभावी संचार (ठोस इनकार) के उपकरणों और तकनीकों पर औषधि प्रशासकों और पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षित करने के लिए बनाई गई है। मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एमडीए) के अभियानों के दौरान, कई परिवार गलत धारणाओं और भय के कारण फाइलेरिया को रोकने के लिए दवा लेने से इनकार कर देते हैं। फाइलेरिया को खत्म करने और समुदाय की सुरक्षा करने का लक्ष्य हासिल करना तब तक चुनौतीपूर्ण बना रहेगा जब तक कि हर परिवार एमडीए में भाग नहीं लेता और हर दौर के दौरान दवा का सेवन नहीं करता।

इस प्रशिक्षण का उद्देश्य औषधि प्रशासकों और पर्यवेक्षकों को फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन करने से इनकार करने वाले परिवारों की चिंताओं को समझने और उन्हें इनका पालन करने के लिए प्रभावी तरीके से मनाने के कौशल से लैस करना है। इसके अतिरिक्त, वे एमडीए के अभियान का समर्थन करने के लिए प्रभावशाली लोगों की पहचान करना और उन्हें इसमें शामिल करना सीखेंगे।

सहायक की मार्गदर्शिका में समूह चर्चा, प्रस्तुतियां, प्रदर्शन, समूह अभ्यास/रोल प्ले और सवाल-जवाब की गतिविधियों के माध्यम से सीखने को बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किए गए कई सत्र शामिल हैं। प्रशिक्षण की प्रक्रिया अत्यधिक सहभागी होगी। मार्गदर्शिका को प्रभावी शिक्षा के सिद्धांतों का इस्तेमाल करके विकसित किया गया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि प्रशिक्षक उचित ज्ञान और कौशल प्रदान कर सकें। यह दृष्टिकोण प्रतिभागियों को आगे बढ़ने और उनके सीखने/सीखी हुई वातों को प्रभावी तरीके से लागू करने में मदद करता है। प्रशिक्षण के उद्देश्यों, प्रतिभागियों की आयु, शैक्षिक योग्यता, पृष्ठभूमि और उपलब्ध संसाधनों के साथ संरेखित होने के लिए प्रशिक्षण के तरीकों का ध्यान से चयन किया गया है।

### प्रशिक्षकों के लिए निर्देश

- प्रशिक्षकों को इस सहायक की मार्गदर्शिका को ध्यानपूर्वक पढ़ना चाहिए तथा प्रशिक्षण का सफलतापूर्वक आयोजन सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह से तैयारी करनी चाहिए।
- उन्हें अपने विवेक के अनुसार सत्रों की योजना बनानी चाहिए और उनका प्रबंधन करना चाहिए, तथा यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सभी सत्रों पर उचित फोकस और ध्यान दिया जाए।

**सीखने के उद्देश्य**

प्रशिक्षण के आखिर में, प्रतिभागी निम्नलिखित कार्य करने में सक्षम होंगे:

- फाइलेरिया रोधी दवाएं लेने से इनकार करने के लिए व्यक्तियों या परिवारों के कारणों को स्पष्ट रूप से समझाना
- जागरूकता बढ़ाने और उन व्यक्तियों और परिवारों को समझाने के लिए प्रभावी संचार कौशल विकसित करना जो फाइलेरिया रोधी दवाएं लेने से हिचकिचाते हैं या इनकार करते हैं।
- फाइलेरिया रोधी दवाओं से परहेज करने या इनकार करने वाले परिवारों को शिक्षित करने में मदद करने के लिए प्रमुख प्रभावशाली व्यक्तियों की पहचान करना तथा अभियान को समर्थन देने के लिए संचार की सामग्रियों का प्रभावी तरीके से उपयोग करना।

**प्रशिक्षण सत्र की योजना**

| अवधि | सत्र | कार्य-प्रणाली | सहायक उपकरण |
|---|---|---|---|
| 20 मिनट | यह समझना कि व्यक्ति या परिवार फाइलेरिया रोधी दवाएं लेने से क्यों इनकार करते हैं और ऐसा करने के उनके मुख्य कारण क्या हैं | प्रस्तुति/प्रदर्शन और चर्चा | पीपीटी/चार्ट पेपर |
| 60 मिनट | इनकार से संबंधित प्रश्न और चिंताएं, उचित प्रतिक्रियाएं, और जवाब देने का तरीका | प्रदर्शन और चर्चा | इनकार बदलने का अनुभाग |
| 60 मिनट | इनकार के कारणों और उपचारात्मक उपायों के आधार पर प्रभावशाली व्यक्तियों की पहचान करना | रोल प्ले और अभ्यास | रोल प्ले के लिए स्थितियां और प्रभावशाली व्यक्तियों की सूची |
| 10 मिनट | समापन सत्र | | |

| सत्र 1 - फाइलेरिया रोधी दवाओं के सेवन से इनकार करने के कारणों को समझना | |
|---|---|
| **अवधि** | 20 मिनट |
| **सत्र** | प्रतिभागियों को यह समझ में आएगा कि इनकार क्या होता है, तथा वे सामान्य कारण क्या हैं जिनकी वजह से व्यक्ति या परिवार फाइलेरिया रोधी दवाएं लेने से इनकार करते हैं, तथा वे इन चिंताओं का प्रभावी तरीके से समाधान करने के लिए तैयार होंगे। |
| **कार्यप्रणाली** | प्रस्तुति/प्रदर्शन एवं समूह चर्चा |
| **सहायक उपकरण** | पीपीटी/चार्ट पेपर |

## सत्र की सुविधा की प्रक्रिया

सत्र की शुरुआत प्रतिभागियों से यह पूछकर करें कि "इनकार" शब्द से उन्हें क्या समझ में आता हैं और उन्हें क्यों लगता है कि कुछ व्यक्ति या परिवार फाइलेरिया रोधी दवाएं लेने से इनकार करते हैं। उन्हें अपने विचार और अनुभव खुलकर साझा करने के लिए प्रोत्साहित करें। उनके जवाब सुनने के बाद, समझाएं कि इनकार आमतौर पर उन स्थितियों को दर्शाता है जहाँ लोग मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एमडीए) के दौरान प्रदान की गई फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन करने से मना करते हैं। यह सत्र ऐसे इनकारों के मुख्य कारणों को समझने पर ध्यान केंद्रित करेगा, जो अक्सर दवाओं की सुरक्षा के बारे में गलत धारणाओं, दुष्प्रभावों के डर और फाइलेरिया की गंभीरता और रोकथाम के लाभों के बारे में जागरूकता की कमी जैसे बड़े मुद्दों से उत्पन्न होते हैं।

इस बात पर ज़ोर दें कि इन मुद्दों को सहानुभूति और स्पष्ट संचार के साथ पहचानने और समाधान करने से, वे एमडीए के राउंड्स के दौरान व्यक्तियों और परिवारों के साथ जुड़ने और संभावित इनकारों को सफल प्रत्यक्ष अवलोकित उपचार (डीओटी) में बदलने के लिए बेहतर सुसज्जित होंगे।

सत्र को जारी रखते हुए इनकार के मुख्य कारणों और इन चिंताओं का समाधान करने के विभिन्न तरीकों को समझाने पर ध्यान केंद्रित करें। प्रतिभागियों को आश्वस्त करें कि इस समझ/जानकारी को प्राप्त करके, वे एमडीए के राउंड्स के दौरान व्यक्तियों और परिवारों के साथ जुड़ने और डीओटी में संभावित इनकारों को बदलने के लिए बेहतर तरीके से तैयार होंगे।

फाइलेरिया रोधी दवाएं लेने से मना करने के सामान्य कारणों को पीपीटी स्लाइड या चार्ट पेपर का इस्तेमाल करके प्रस्तुत करें। निम्नलिखित मुख्य पॉइंट्स को हाईलाइट करें:

**दुष्प्रभावों का डर:** फाइलेरिया रोधी दवाएं लेने के बाद कई व्यक्तियों को मतली, चक्कर आना या उल्टी जैसे दुष्प्रभावों का डर लगता है।

**अत्यधिक ख़राब परिणामों का डर**: कुछ लोगों को गंभीर रिएक्शन्स के बारे में चिंता हो सकती है।

**समर्थन की कमी**: कुछ व्यक्तियों को काम से ब्रेक लेने या उसके दुष्प्रभावों के कारण दिहाड़ी खोने का डर लगता है, जिसके कारण वे काम करने और अपने परिवार की सहायता करने में असमर्थ हो सकते हैं।

**कम या कोई खतरे की धारणा नहीं**: लोग अक्सर फाइलेरिया को अपने स्वास्थ्य के लिए एक बड़े खतरे के रूप में नहीं देखते हैं और इसलिए वे निवारक दवाएं लेने की आवश्यकता नहीं समझते हैं।

**स्वास्थ्य संबंधी समस्या के बारे में चिंता**: जिन लोगों को पहले से स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं होती है, उन्हें लग सकता है कि फाइलेरिया रोधी दवाएं उनकी समस्या को और खराब कर सकती हैं।

**आयु के बारे में चिंता**: कुछ व्यक्ति सोच सकते हैं कि उनकी आयु, चाहे युवा हो या बुजुर्ग, उनके लिए फाइलेरिया रोधी दवाएं अनावश्यक या असुरक्षित बनाती है।

**टैबलेट्स के बारे में चिंता**: टैबलेट्स का आकार, संख्या या कड़वापन लोगों को उनका सेवन करने से हतोत्साहित कर सकता है।

**सिस्टम पर अविश्वास**: स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियों या कार्यक्रमों के साथ नकारात्मक अनुभव दवाओं की सुरक्षा और प्रभावशीलता में विश्वास की कमी का कारण बन सकता है।

**शराब पीना**: फाइलेरिया रोधी दवाएं लेने की गंभीरता को समझने के लिए शराब पीने वाले व्यक्ति की मानसिक स्थिति इतनी स्पष्ट नहीं होती हैं।


सहानुभूति, स्पष्ट संचार और सांस्कृतिक संवेदनशीलता के महत्व पर जोर देकर सत्र का समापन करें। प्रतिभागियों को सफलता की कहानियाँ या व्यक्तिगत अनुभव साझा करने के लिए प्रोत्साहित करें जहाँ उन्होंने सफलतापूर्वक इनकार का समाधान किया हो। इस विचार को मजबूत करें कि विश्वास-निर्माण और सटीक और संबंधित जानकारी प्रदान करना धारणाओं को बदलने के लिए आवश्यक होता है। फाइलेरिया को खत्म करने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए इन चिंताओं को समझने और समाधान करने की महत्वपूर्ण भूमिका और सत्र के मुख्य निष्कर्षों पर ज़ोर देकर सत्र का सारांश दें।

| सत्र 2 - इनकार से संबंधित प्रश्न और चिंताएं, उचित प्रतिक्रियाएं, और जवाब देने का तरीका | |
|---|---|
| **अवधि** | 60 मिनट |
| **सत्र** | प्रतिभागियों को एमडीए के दौरान फाइलेरिया रोधी दवाओं का इनकार करने वाले व्यक्तियों और परिवारों द्वारा किये गए प्रश्नों के उचित जवाबों के साथ-साथ प्रभावी ढंग से जवाब देने के तरीकें भी समझ में आएंगे। |
| **कार्य-प्रणाली** | प्रस्तुति, प्रदर्शन और चर्चा |
| **सहायक उपकरण** | इनकार को बदलने का अनुभाग |

## सत्र सुविधा की प्रक्रिया

प्रशिक्षकों को प्रतिभागियों को यह बताना होगा कि एमडीए के अभियानों के दौरान व्यक्तियों या परिवारों द्वारा इनकार करने के कारणों को दस्तावेज में दर्ज करके संकलित किया गया है। यह समझाएं कि इन कारणों और उनके उचित जवाबों पर अब एक-एक करके चर्चा की जाएगी। सभी दस्तावेजित कारणों पर चर्चा करने के बाद, प्रतिभागियों को किसी अतिरिक्त महत्वपूर्ण कारण को साझा करने के लिए आमंत्रित करें, जो उन्हें लगता है कि अनदेखा किया गया हो सकता है, जिसका अंत में समाधान किया जाएगा।

चर्चा को आगे बढ़ाते हुए, प्रतिभागियों को समझाएं कि अगर हम हिचकिचाने वाले या इनकार करने वाले व्यक्तियों द्वारा बताई गई गलत धारणाओं/कारणों का समाधान करते हैं, तो हम प्रत्यक्ष अवलोकित उपचार (डीओटी) में सुधार कर पाएंगे। इसलिए, कारणों और उचित प्रतिक्रियाओं की गहरी समझ होना ज़रूरी है।



सत्र की शुरुआत एक कटोरे या प्लेट में इनकार के नौ मुख्य कारणों वाली पर्चियों को रखकर करें। प्रतिभागी को कटोरा दें और उसे एक पर्ची चुनने के लिए कहें। पर्ची को ज़ोर से पढ़ें और प्रतिभागियों से पूछें कि क्या उन्हें एमडीए के अभियानों के दौरान ऐसी स्थितियों का सामना करना पड़ा है। उनके जवाब सुनने के बाद, दो प्रतिभागियों को उनके अनुभव साझा करने के लिए चुनें। उचित प्रतिक्रियाओं और संचार के प्रोडक्ट्स के इस्तेमाल के बारे में विस्तार से बताने के लिए सहायक की पुस्तिका से इनकार को बदलने के अनुभाग का इस्तेमाल करें।

इस प्रक्रिया को तब तक दोहराएं जब तक कि सभी नौ कारणों का समाधान न हो जाए। सभी कारणों के बारे में पूछने के बाद, प्रतिभागियों से पूछें कि क्या उनके इनकार करने के लिए कोई अतिरिक्त कारण हैं। उन्हें भी सुनें और चर्चा करें। सभी प्रतिभागियों को उनकी सक्रिय भागीदारी के लिए धन्यवाद देकर इस सेगमेंट को समाप्त करें।

सीखने को पुख्ता करने के लिए प्रतिभागियों से कुछ सवाल पूछें। चर्चा के बाद, स्पष्टता सुनिश्चित करने के लिए सही जवाब समझाएं।

**प्रश्न**

**समुदाय द्वारा फाइलेरिया के बारे में अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न**

1. मैं स्वस्थ हूँ। मुझे फाइलेरिया से बचाव के लिए दवाई क्यों लेनी चाहिए?

- आप फाइलेरिया प्रभावित क्षेत्र में रहते हैं, जिससे आप और आपका परिवार खतरे में है।
- फाइलेरिया एक संक्रामक रोग है जो मच्छरों के काटने से होता है और यह किसी को भी संक्रमित कर सकता है, हालांकि बचपन में इसका खतरा अधिक होता है।

- यह संक्रमण शरीर में शुरुआती अवस्था में बिना किसी स्पष्ट लक्षण के चुपचाप विकसित होता है।
- सभी लोगों को (2 साल से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को छोड़कर) यह दवाई लेनी चाहिए, क्योंकि अधिकांश संक्रमित लोगों में बहुत देर होने तक कोई लक्षण नहीं दिखते।

2. पिछले साल, दवाई लेने के बाद मुझे सिरदर्द, उल्टी और बुखार की समस्या हुई।

- फाइलेरिया रोधी दवाएं शरीर में फाइलेरिया के परजीवियों को मारती हैं। परजीवी मरते समय, वे ऐसे पदार्थ छोड़ते हैं जो सिरदर्द, बदन दर्द, बुखार, उल्टी या खुजली जैसे हल्के रिएक्शन्स पैदा कर सकते हैं, जो आमतौर पर अपने आप ठीक हो जाते हैं।

3. मैं उच्च रक्तचाप/हाई ब्लड प्रेशर, मधुमेह या गठिया के लिए दवाई ले रहा/रही हूँ। क्या मैं फिर भी यह दवाई ले सकता/सकती हूँ?

- अगर आप किसी अन्य बीमारी से पीड़ित हैं या कोई अन्य दवाई ले रहे हैं, तो भी आप इस फाइलेरिया रोधी दवाई का सेवन कर सकते हैं। ये दवाइयां बहुत सुरक्षित होती हैं। केवल गंभीर रूप से बीमार लोगों को ही इस दवाई का सेवन न करने की सलाह दी जाती है।

4. क्या मुझे केवल कृमिनाशक दवाई अल्बेंडाज़ोल लेनी चाहिए?


- संपूर्ण सुरक्षा पाने के लिए, सभी निर्धारित दवाइयां एक-साथ लेना महत्वपूर्ण है।

| सत्र 3 - इनकार करने के कारणों के आधार पर प्रभावशाली व्यक्तियों की पहचान करना | |
|---|---|
| **अवधि** | 60 मिनट |
| **सत्र** | प्रतिभागी फाइलेरिया रोधी दवा लेने से इनकार करने के कारणों के आधार पर प्रभावशाली व्यक्तियों की पहचान कर पाएंगे तथा परिवारों को फाइलेरिया रोधी दवा लेने में राजी करने के लिए प्रभावी संचार कौशल का अभ्यास करने में सक्षम हो पाएंगे। |
| **कार्य-प्रणाली** | रोल प्ले और चर्चा |
| **सहायता करना** | रोल प्ले और प्रभावशाली व्यक्ति के लिए प्रश्नों की सूची |

## सत्र सुविधा की प्रक्रिया

प्रतिभागियों को सूचित करें कि इस सत्र में दो मुख्य विषयों को शामिल किया जाएगा: पहला, फाइलेरिया रोधी दवाओं के सेवन से इनकार करने के कारणों के आधार पर प्रभावशाली व्यक्तियों की पहचान करना, और दूसरा, परिवारों को डीओटी के लिए तैयार करने के लिए आवश्यक संचार कौशल का अभ्यास करना।

प्रतिभागियों से पूछें कि उन्होंने पिछले एमडीए के अभियानों में किस तरह के प्रभावशाली व्यक्तियों से संपर्क किया है ताकि समुदाय को फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। प्रतिभागी ने अपने अनुभव साझा करने के बाद, सहायक को एक विस्तृत चर्चा करनी चाहिए, और नीचे दिए गए इनकार के कारणों के आधार पर विशिष्ट प्रभावशाली व्यक्तियों की पहचान करनी चाहिए।



ग्राम पंचायत नेता

ग्राम प्रधान/मुखिया उन परिवारों को प्रभावित कर सकते हैं जिन्हें सरकारी योजनाओं के लाभ मिले है

कोटेदार

कोटेदार उन परिवारों को प्रभावित कर सकता हैं जिनके पास राशन कार्ड हैं और जो हर महीने राशन लेते हैं



धार्मिक गुरु

धार्मिक अगुआ एक ही धर्म का पालन करने वाले परिवारों को प्रभावित कर सकते हैं




समूह सखी सामुदायिक प्रेरक/सीएलएफ नेता (क्लस्टर स्तरीय संघ नेता)/सीएनआरपी (सामुदायिक पोषण संसाधन व्यक्ति)

समूह सखी उन परिवारों को प्रभावित कर सकती है जो स्वयं सहायता समूह के सक्रिय सदस्य हैं और जिन्हें ग्रुप से लाभ मिला हैं



शिक्षक

शिक्षक उन परिवारों को प्रभावित कर सकते हैं जिनके बच्चे स्कूल जाते हैं



अन्य प्रभावशाली व्यक्ति

अन्य प्रभावशाली व्यक्ति ऐसे परिवारों को प्रभावित कर सकते हैं जो उनका और उनकी सलाह का सम्मान

**प्रभावी संचार कौशल के माध्यम से परिवारों को डीओटी के लिए तैयार करना**

**रोल प्ले के माध्यम से अभ्यास करना**

इस सत्र के दूसरे भाग में, प्रतिभागी यह प्रदर्शित करेंगे कि वे किस तरह से प्रभावशाली व्यक्तियों की पहचान करते हैं और किस तरह से व्यक्तियों/परिवारों को समझाने के लिए उनसे जुड़ते हैं। प्रशिक्षक रोल-प्ले के दौरान प्रत्येक समूह का निरीक्षण करेगा ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि सब कुछ उद्देश्यों के अनुरूप है। रोल-प्ले शुरू करने से पहले, प्रशिक्षक को प्रतिभागियों को नीचे बताई गई गतिविधियों के आधार पर मार्गदर्शन करना चाहिए।



- प्रतिभागियों को 2 से 3 समूहों में विभाजित करें
- प्रत्येक समूह को रोल प्ले के प्राथमिक उद्देश्यों के बारे में समझाएं
- प्रत्येक समूह को रोल-प्ले का सिनेरियो समझाएं

**गतिविधि**

प्रशिक्षक ने रोल प्ले के लिए एक समूह को बुलाना चाहिए, और उनसे यह तय करने के लिए कहना चाहिए कि आशा कार्यकर्ता, प्रभावशाली व्यक्ति और बिल्लू और उसके परिवार की भूमिका कौन निभाएगा। प्रतिभागियों को भूमिकाओं के बारे में संक्षेप में बताएं। समूह को रोल प्ले का प्रदर्शन करने दें। अन्य प्रतिभागियों को बारीकी से देखने दें। इसी तरह, एक-एक करके अन्य समूहों को बुलाएं और उन्हें रोल प्ले करने के लिए कहें। प्रत्येक समूह के रोल-प्ले के बाद, अन्य प्रतिभागियों को अपने अवलोकन/देखी हुई बातों को साझा करने और बोर्ड पर अपना फीडबैक लिखने के लिए आमंत्रित करें। प्रत्येक समूह के प्रदर्शन पर चर्चा करने के बाद, प्रतिभागियों को तालियां बजाकर प्रोत्साहित करें। प्रशिक्षक को मुख्य संदेशों को बताकर सत्र का समापन करना चाहिए।

**रोल प्ले के सिनेरियो**

सिनेरियो 1: मधुबनी गांव में, आशा कार्यकर्ता पिंकी, फाइलेरिया रोधी दवा देने के लिए हर घर जाती है। वह फाइलेरिया के संक्रमण के गंभीर परिणामों के बारे में बताती है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि गांव के सभी परिवार फाइलेरिया रोधी दवा लेने के महत्व को समझें। हालांकि, बिल्लू का परिवार दवाओं लेने से इनकार करता है। बिल्लू के परिवार में पाँच सदस्य हैं: बिल्लू, उसकी पत्नी डॉली, उनका 5 साल का बेटा और बिल्लू के माता-पिता। डॉली हर महीने राशन लेने के लिए नियमित रूप से कोटेदार की दुकान पर जाती है।

**रोल प्ले के लिए किरदार**

**आशा कार्यकर्ता पिंकी के लिए निर्देश**

- परिवार को फाइलेरिया रोधी दवा लेने में राजी करने के लिए उचित प्रभावशाली व्यक्ति की पहचान करें।
- परिवार से दूसरी बार मिलने से पहले, प्रभावशाली व्यक्ति को स्थिति के बारे में विस्तार से समझाएं।
- परिवार को दवाइयां लेने के महत्व को समझने में मदद करने के लिए प्रभावशाली व्यक्ति के साथ काम करें।

**प्रभावशाली व्यक्ति कोटेदार के लिए निर्देश**

- आशा कार्यकर्ता के साथ परिवार के घर पर जाकर उन्हें दवाइयां लेने के लिए राजी करें।
- उन अन्य परिवारों के उदाहरण साझा करें/बताएं जिन्हें इन दवाओं से लाभ हुआ है, साथ ही अपने व्यक्तिगत अनुभव भी बताएं, ताकि परिवार को इन दवाओं का सेवन करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके।

**बिल्लू और उसके परिवार के लिए निर्देश**

बिल्लू और उसके परिवार को आशा कार्यकर्ता और उस प्रभावशाली व्यक्ति को यह बताना होगा कि वे दवाई लेने में अनिच्छुक क्यों हैं।

- “मेरा पूरा परिवार स्वस्थ है, तो फिर हमें ये दवाइयां क्यों लेनी चाहिए?”
- “सरकारी दवाइयां काम नहीं करती हैं; मैंने पहले भी अन्य बीमारियों के लिए कई बार सरकारी दवाइयां ली हैं।”
- “दवाई पहले से खुली है और इसे खाने से नुकसान हो सकता है।”

**सिनेरियो 2:** मधुबनी गांव में, आशा कार्यकर्ता पिंकी, फाइलेरिया रोधी दवा देने के लिए हर घर जाती है। वह फाइलेरिया के संक्रमण के गंभीर परिणामों के बारे में बताती है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि गांव के सभी परिवार फाइलेरिया रोधी दवा लेने के महत्व को समझें। हालांकि, बिल्लू का परिवार दवा लेने से इनकार करता है। बिल्लू के परिवार में पाँच सदस्य हैं: बिल्लू, उसकी पत्नी डॉली, उनका 5 साल का बेटा और बिल्लू के माता-पिता। डॉली एक स्वयं सहायता समूह की सदस्य है और हर महीने में मीटिंग्स में भाग लेती है।

**रोल प्ले के लिए किरदार**

**आशा कार्यकर्ता पिंकी के लिए निर्देश**

- परिवार को फाइलेरिया रोधी दवा लेने में राजी करने के लिए उचित प्रभावशाली व्यक्ति की पहचान करें।
- परिवार से दूसरी बार मिलने से पहले, प्रभावशाली व्यक्ति को स्थिति के बारे में विस्तार से समझाएं।
- परिवार को दवाइयां लेने के महत्व को समझने में मदद करने के लिए प्रभावशाली व्यक्ति के साथ काम करें।

**प्रभावशाली व्यक्ति (समूह सखी) के लिए निर्देश**

- आशा कार्यकर्ता के साथ परिवार के घर पर जाकर उन्हें दवाइयां लेने के लिए राजी करें।
- अन्य परिवारों के उदाहरण साझा करें/बताएं, साथ ही व्यक्तिगत अनुभव भी बताएं, ताकि परिवार को इन दवाओं का सेवन करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके।
- यदि उनके घर का कोई व्यक्ति इस बीमारी से ग्रस्त हो जाता है तो परिवार को वित्तीय, सामाजिक और भावनात्मक प्रभावों का एहसास कराने में मदद करें।

**बिल्लू और उसके परिवार के लिए निर्देश**

बिल्लू और उसके परिवार को आशा कार्यकर्ता और प्रभावशाली व्यक्ति को दवाइयां न लेने के कारण बताने होंगे।

- "पिछले साल, जब मैंने यह दवाई ली थी तो मुझे सिरदर्द, उल्टी और बुखार जैसे दुष्प्रभाव हुए थे।"
- "मैं पहले से उच्च रक्तचाप/हाई ब्लड प्रेशर और मधुमेह की दवाई ले रहा/रही हूँ, इसलिए मैं ये दवाएं नहीं ले सकता/सकती हूँ।"

**सिनेरियो 3:** मधुबनी गांव में, आशा कार्यकर्ता पिंकी, फाइलेरिया रोधी दवा देने के लिए हर घर जाती है। वह फाइलेरिया के संक्रमण के गंभीर परिणामों के बारे में बताती है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि गांव के सभी परिवार दवा लेने के महत्व को समझें। हालांकि, बिल्लू का परिवार फाइलेरिया रोधी दवा लेने से इनकार करता है। बिल्लू के परिवार में पाँच सदस्य हैं: बिल्लू, उसकी पत्नी डॉली, उनका 5 साल का बेटा और बिल्लू के माता-पिता। बिल्लू ग्राम पंचयत द्वारा आयोजित सभी सामाजिक कार्यक्रमों में भाग लेता है और गांव के विकास के लिए ग्राम पंचायत के सदस्यों के साथ सहयोग करता है।

**रोल प्ले के लिए किरदार**

**आशा कार्यकर्ता पिंकी के लिए निर्देश**

- परिवार को फाइलेरिया रोधी दवा लेने में राजी करने के लिए उचित प्रभावशाली व्यक्ति की पहचान करें।
- परिवार से दूसरी बार मिलने से पहले, प्रभावशाली व्यक्ति को स्थिति के बारे में विस्तार से समझाएं।
- परिवार को दवाइयां लेने के महत्व को समझने में मदद करने के लिए प्रभावशाली व्यक्ति के साथ काम करें।

**प्रभावशाली व्यक्ति (ग्राम प्रधान) के लिए निर्देश**

- आशा कार्यकर्ता के साथ परिवार के घर पर जाकर उन्हें दवाइयां लेने के लिए प्रोत्साहित करें।
- अन्य परिवारों के उदाहरण साझा करें/बताएं, साथ ही व्यक्तिगत अनुभव भी बताएं, ताकि परिवार को इन दवाओं को लेने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके।
- यदि परिवार का सदस्य इस बीमारी से ग्रस्त होता है तो उसके वित्तीय, सामाजिक और भावनात्मक परिणामों के बारे में बताएं।

**बिल्लू और उसके परिवार के लिए निर्देश**

आशा कार्यकर्ता और प्रभावशाली व्यक्ति द्वारा संपर्क किए जाने पर बिल्लू और उसके परिवार को दवा नहीं लेने के कारण बताने होंगे। बिल्लू को आशा कार्यकर्ता से दवा लेने का बहाना करना चाहिए और/लेकिन उसे खाने में देरी करनी चाहिए।

- "मैं अभी किसी काम में व्यस्त हूँ; मैं इसे आज रात ले लूंगा/लूंगी।"
- "हम अभी एक दवाई लेंगे और बाकी शाम को लेंगे।"
- "परिवार के कुछ सदस्य अभी घर पर नहीं हैं, लेकिन उनके वापस आने पर हम उन्हें (ये) दवाइयां देंगे।"